तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 21 जनवरी 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 टोकन नहीं कटने से फिर भड़का किसानों का आक्रोश, किया राष्ट्रीय ...



## खबर संक्षेप

### शिक्षक पात्रता परीक्षा 1 फरवरी को, जिलों में बनाए गए केंद्र

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा 1 फरवरी को शिक्षक पात्रता 2026 परीक्षा आयोजित की गई है। जिसके लिए प्रथम पाली में 366 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। जहां प्रातः 9.30 बजे से 12.15 बजे तक तथा द्वितीय पाली में 656 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जिसके लिए दोपहर 3 बजे से 5.45 बजे तक परीक्षा आयोजित होगी। प्रथम पाली में 1 लाख 18 हजार 642 अभ्यर्थी तथा द्वितीय पाली में 2 लाख 4 हजार 541 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा 20 जिलों (अंबिकापुर, बैकुण्ठपुर, बिलासपुर, दंतेवाड़ा, धमतरी, दुर्ग, जगदलपुर, जांजगीर, जशपुर, कांकेर, कबीरधाम, कोरबा, महासमुंद, रायगढ़, रायपुर, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, बालोद, कोण्डागांव, सूरजपुर) में आयोजित की जा रही है। जिसमें राज्य के सभी 33 जिलों के अभ्यर्थी शामिल होंगे। व्यापम द्वारा परीक्षाओं के निष्पक्ष, पारदर्शिता पूर्ण एवं सफलतापूर्वक आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया है।

### किराए पर शिक्षक रखकर पढ़ाई कराने वाला प्रधान पाठक निलंबित

**अम्बिकापुर।** किराए पर निजी शिक्षक रखकर स्कूल में पढ़ाई कराने वाले प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया गया है। हरिभूमि द्वारा खबर प्रकाशन उपरान्त जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर ने जांच के बाद प्रधान पाठक के खिलाफ कार्रवाई की है। बता दें कि सूरजपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्र ओड़गी के मोहरसोप प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक देवशरण सिंह द्वारा किराए का शिक्षक रखकर पढ़ाई कराए जाने का मामला सामने आया था। प्रधान पाठक द्वारा खुद स्कूल से नदारत रहने और अपनी जगह वेतन देकर खुद से एक 12वीं पास शिक्षक रखने के मामले को हरिभूमि ने 18 जनवरी को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इस मामले में सूरजपुर जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा द्वारा जांच के निर्देश दिए गए थे। डीईओ के निर्देश पर बीईओ ने मामले की जांच की। जांच के दौरान पुष्टि हुई कि प्रधान पाठक ने अपने स्थान पर एक अनाधिकृत व्यक्ति को किराए पर रखकर पढ़ाई कराई गई। इस मामले में जांच उपरान्त डीईओ ने प्रधान पाठक देवशरण सिंह को छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में देवशरण सिंह का मुख्यालय बीईओ कार्यालय प्रेमनगर किया गया है।

### समिति प्रबंधक व ऑपरेटर के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**अंबिकापुर।** समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर निगरानी की जा रही है। धान खरीदी में अनियमितता बरतने वालों पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर धान उपार्जन केंद्र कुन्दीकला में भौतिक सत्यापन में 888.40 क्विंटल धान में कमी पाए जाने पर समिति प्रबंधक दिलीप यादव एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर गोविन्द बेहरा पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के 18 जनवरी को धान उपार्जन केन्द्र कुन्दीकला में धान के स्टॉक का भौतिक सत्यापन जिला खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी स्टेट वेयर हाउस द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। भौतिक सत्यापन के दौरान उपार्जन केन्द्र में कुल 2221 बोरी (888.40 क्विंटल) धान की कमी पायी गई। धान खरीदी में लापरवाही पर धान उपार्जन केन्द्र कुंदीकला के समिति प्रबंधक दिलीप यादव एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर गोविंद बेहरा के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासन की धान उपार्जन एवं मिलिंग व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही अथवा गड़बड़ी को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी ऐसे निरीक्षण एवं जांच अभियान निरंतर जारी रहेंगे, ताकि कृषकों के हितों की पूर्णतः रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# करोड़ों रुपए के सट्टा कारोबार में फरार चल रहा मास्टर माइंड दीप सिन्हा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- महाराष्ट्र से पकड़ने में मिली सफलता, 300 म्यूल अकाउंट से हुआ था करोड़ो का लेनदेन, क्रिकेट मैचों में अवैध रूप से खिलाते थे सट्टा

करोड़ो रुपए के सट्टा कारोबार के मामले में पिछले डेढ़ साल से फरार चल रहे मास्टर माइंड सटोरी दीप सिन्हा को सरगुजा पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने आरोपी को महाराष्ट्र के पुणे से गिरफ्तार किया और सरगुजा लेकर आई। सट्टा किंग दीप सिन्हा सरगुजा में वर्षों से अवैध सट्टा कारोबार चलाने के साथ ही म्यूल अकाउंट खुलवाकर रुपयों की हेरफेर का काम करता था। पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों को पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है जबकि दीप सिन्हा डेढ़ साल से अधिक समय से पुलिस से बचकर भाग रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस रिमांड लिया जा रहा है जिससे आने वाले समय में बड़े पैमाने पर खुलासे होने की बात कही जा रही है।




बता दें कि सरगुजा में आयुष उर्फ दीप सिन्हा, अमित मिश्रा उर्फ पहलु और शुभम केशरी द्वारा वर्षों से लोगों को स्काई एक्सचेंज का लिंक भेजकर सट्टा खिलाने का काम किया जाता था। सट्टा कारोबार के मामले में ही पुलिस ने 13 मई 2024 को कोतवाली पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर इस सट्टा कारोबार का खुलासा किया था। इस दौरान पुलिस ने स्काई एक्सचेंज का लिंक भेजकर आईपीएल मैच गुजरात टाइटन्स व कोलकाता किंग राइडर्स के बीच चल रहे टी-20 मैच में ऑनलाइन सट्टा खेलने व खेलाने के मामले में तीनों को पकड़ा था। इस दौरान पुलिस ने बड़े पैमाने पर पासबुक, चेकबुक, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, सट्टा पट्टी समेत अन्य सबूत सामान जब्त किया था और इस मामले में पुलिस ने छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 7, 8 का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण मे आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था लेकिन बाद में जमानत पर सभी आरोपी बाहर आ गए। इसी दौरान जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि सट्टा कारोबार को चलाने व लेनदेन के लिए आरोपियों द्वारा दूसरों के आधार कार्ड व दस्तावेज लेकर म्यूल अकाउंट खोला जाता था और उसी से लेनदेन करते थे। आरोपियों ने लगभग 300 फर्जी खाताधारकों का खाता खुलवाकर उसमें करोड़ो का लेनदेन किया था। मामले में पुलिस ने भादवि की धारा 467, 468, 471, 120 (बी) व आईटी एक्ट की धारा 66(सी), 66(डी) के तहत अपराध दर्ज किया था। अपराध दर्ज होने के बाद गिरोह के सभी आरोपी फरार हो गए थे।

### पूर्व में हो चुकी है इनकी गिरफ्तारी

सरगुजा में सट्टा कारोबार के मामले में पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने गिरोह में शामिल आरोपी ऋतिक मंदिलवार उर्फ़ बमफोड़, नितिन यादव, अमित कुमार मिश्रा उर्फ़ पहलू एवं ध्रुवील पटेल, मुकेश त्रिपाठी, सत्यम केशरी कों गिरफ्तार कर पूर्व में ही जेल भेज दिया था लेकिन मुख्य सरगना आयुष उर्फ दीप सिन्हा फरार चल रहा था। पुलिस इस आरोपी की लम्बे समय से तलाश कर रही थी। इस दौरान आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे थे जबकि सत्यम केशरी ने भी एक वीडियो जारी कर गंभीर आरोप लगाए जिससे पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया।

#### पुणे से हुआ गिरफ्तार

लम्बे समय से फरार चल रहे आरोपी नेहरू वार्ड शिव मंदिर रोड निवासी 32 वर्षीय आयुष सिन्हा उर्फ दीप सिन्हा आ. त्रिभुवन प्रसाद सिन्हा की तलाश लगातार चल रही थी। इस दौरान एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में साइबर सेल व पुलिस की टीम गठित की गई थी। टीम ने लम्बे समय के बाद मुखबिर से मिली सूचना के बाद महाराष्ट्र के पुणे से आरोपी आयुष उर्फ दीप सिन्हा को गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपी को सोमवार की रात सरगुजा लेकर आई। फिलहाल आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। इसके साथ ही पुलिस अब आरोपी की फिर से पुलिस रिमांड ले रही है जिसके बाद आरोपी से पूछताछ की जाएगी। इस पूछताछ में आने वाले समय में बड़े पैमाने पर खुलासे होने की संभावना है। इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी शशिकान्त सिन्हा, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, आरक्षक मनीष सिंह सक्रिय रहे।

#### की जाएगी पूछताछ

सट्टा कारोबार के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी जिसके बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

-राजेश अग्रवाल
एसएसपी

## एक साथ उठी अर्थियां, गांव में मचा कोहराम

# बस दुर्घटना के मृतकों का एक साथ गमगीन माहौल में किया गया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

**खास बात**

- घटना के कारणों का पता लगाने आईजी ने गठित की जांच समिति

छत्तीसगढ़ झारखंड सीमा पर ओरसा घाट में हुए भीषण सड़क हादसे में मृतकों के शव मंगलवार को उनके गृह ग्राम लाए गए। एक साथ सभी मृतकों के शव गांव में पहुंचते ही कोहराम मच गया। इस दौरान घटना में मरने वाले सभी ग्रामीणों का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में क्षेत्र के जिपं उपाध्यक्ष धीरज सिंहदेव भी शामिल हुए और मृतकों के परिजन को ढांढस बंधाया। इधर स्कूल बस को निजी कार्यक्रम के लिए किराए पर देने और हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए आईजी दीपक झा ने जांच का कमेटी गठित कर दी है। एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम विभिन्न बिंदुओं पर जांच करेगी और उसके बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी।

18 जनवरी को बलरामपुर के ग्राम पीपरसोत निवासी जयचंद नायक के पुत्री के सगाई कार्यक्रम में शामिल होने के लिए झारखंड के महुआडांड अंतर्गत ग्राम लोधगांव जा रहे ग्रामीणों से भरी ज्ञान गंगा स्कूल बस अनियंत्रित होकर महुआडांड अंतर्गत ओरसा बंगला दारा घाटी में अनियंत्रित होकर पलट गई थी। इस भीषण सड़क हादसे के दौरान बस में लगभग 87 लोग सवार थे जिनमें से 5 की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि 5 लोगों ने उपचार के दौरान अलग अलग अस्पतालों में दम तोड़ दिया। वहीं 78 लोग गुमला, रांची और मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती है। एक साथ दस मौतों के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।इस हादसे में मरने वालों के शव सोमवार को ही बलरामपुर जिला मुख्यालय लाए गए थे और उन्हें मर्च्युरी में रखा गया था। मंगलवार को सभी शवों को जिला व पुलिस प्रशासन की मदद से गृहग्राम पीपरसोत, महराजगंज, टांगरमहरी और बलरामपुर लाया गया। शवों के गांव में पहुंचने के बाद कोहराम मच गया। हादसे में एक ही पल में शादी की खुशियां मातम में बदल गई और गांव में लोगों का रो रोकर बुरा हाल है। सुबह सभी शवों के गांव पहुंचने के बाद विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान जिपं उपाध्यक्ष धीरज सिंहदेव भी अंतिम संस्कार शामिल हुए। इस घटना से पूरे जिले में शोक का माहौल है।



अंतिम संस्कार करते परिजन एवं ग्रामीण।

### पीपरसोत में एक साथ उठी 6 अर्थियां

बस दुर्घटना में कुल दस लोगों की मौतें हुई जिनमें 5 महिलाएं है। बड़ी बात यह है कि मरने वालों सर्वाधिक 6 ग्रामीण पीपरसोत के है और मंगलवार को पीपरसोत में एक साथ छह अर्थियां उठी। हादसे में मृत ग्राम पीपरसोत निवासी प्रेमा देवी पति स्व. चरह चेरवा, सीता पति देवी पति बिगा राम, रेशंती चेरवा पति विनोद राम, सुखना भुईयां आ.सपता, विजय नगेशिया आ. कुंता नगेशिया, रमेश पनिका आ. करीमन पनिका का अंतिम संस्कार के साथ किया गया। वहीं महराजगंज निवासी लीलावती सोनवानी, टांगरमहरी निवासी नाथू राम आ. दशरथ राम एवं बलरामपुर निवासी सोनामति पति बाबूलाल, परशुराम सोनवानी आ. टूना राम का भी गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार हुआ। इस घटना के बाद परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

### इन बिन्दुओं पर की जाएगी जांच

छत्तीसगढ़-झारखण्ड सीमा के ओरसा घाट पर हुई भीषण बस दुर्घटना के मामले में आईजी दीपक झा ने संज्ञान लिया है। आईजी ने घटना के कारण व लापरवाही का पता लगाने के लिए आईजी श्री झा ने एएसपी बलरामपुर विश्वदीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में जांच समिति का गठन किया है। आईजी ने दुर्घटना के स्पष्ट एवं वास्तविक कारणों की जांच हेतु एक विशेष जांच समिति का गठन करते हुए प्रकरण की विस्तृत जांच रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। जांच टीम यह देखेगी की निजी स्कूल बस को सवारी परिवहन कर दीगर राज्य जाने की वैध अनुमति/परमिट थी या नहीं। वाहन की फिटनेस एवं पंजीयन की वैधता, वाहन चालक के हेवी मोटर व्हीकल ड्राइविंग लाइसेंस की वैधता, दुर्घटनाग्रस्त बस की सीटिंग क्षमता एवं वास्तविक रूप से सवार यात्रियों की संख्या, ओवरलोडिंग, लापरवाही अथवा नियमों के उल्लंघन के तथ्य की जांच की जाएगी। इसके साथ ही टीम यह भी जांच करेगी कि संबंधित क्षेत्र में पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा समय-समय पर वाहन जांच, फिटनेस एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध कार्रवाई की गई थी अथवा नहीं, यदि किसी स्तर पर कर्तव्य में लापरवाही, शिथिलता या उदासीनता पाई जाती है, तो ऐसे पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध भी कठोर विभागीय एवं वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। आईजी ने एएसपी बलरामपुर श्री त्रिपाठी को निर्देशित किया है कि निष्पक्ष, तथ्यपरक एवं समयबद्ध जांच कर दोषियों की जिम्मेदारी तय की जाए जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।



# जमीन विवाद और अंधविश्वास बनी हत्या की वजह, टांगी से काट दी गर्दन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- रामचंद्रपुर क्षेत्र में वृद्ध की हत्या का मामला, जमीन हथियाने और झाड़फूंक में प्रतिष्पर्धा के कारण दिया घटना को अंजाम

बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर क्षेत्र में वृद्ध ग्रामीण की गर्दन काटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार है। आरोपी का जमीन विवाद के साथ ही झाड़ फूंक के कारोबार को लेकर लम्बे समय से विवाद चल रह था। जमीन पर कब्जा और अंधविश्वास के कारण ही ग्रामीण की जान गई। आरोपी ने पूरी योजना के साथ गांव के अन्य व्यक्ति को हत्या के आरोप में फंसाने की साजिश रचने के साथ ही हत्याकांड को अंजाम दिया था। आरोपी ने मृतक से गुमे हुए मोबाइल को खोजने के लिए ध्यान लगाने बोला और फिर पीछे से गर्दन पर वार कर उसकी हत्या कर दी।

बता दें कि रामचंद्रपुर के ग्राम कालिकापुर निवासी देवशरण यादव उर्फ लुखुर 15 जनवरी को भैंस चराने के लिए गया था और शाम तक नहीं लौटा। ग्रामीण के घर नहीं आने पर परिजन द्वारा उसकी तलाश की जा रही थी। इस दौरान जंगल में कुरसा नाला के ऊपर टांड में वृद्ध का गर्दन कटा शव मिला था। इस घटना की शिकायत मृतक के पोते अनिल यादव ने पुलिस से की थी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस एफएसएल की टीम द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। एसपी वैभव बैंकर ने इस मामले की गंभीरता से जांच के निर्देश दिए थे। जांच के दौरान यह जानकारी सामने आई कि गांव के देवकुमार यादव की मृतक के भतीजा से पुरानी रंजिश थी और वह कई बार उसे जान से मारने की धमकी दे चुका था। ऐसे में पुलिस ने संदेही देवकुमार यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी देवकुमार यादव का मृतक देवशरण यादव उर्फ लुखुर से पुराना जमीन विवाद चल रहा था। इसके साथ ही लुखुर यादव गांव में फ्री में लोगों का झाड़ फूंक भी करता था। बड़ी बात यह है कि आरोपी भी गांव में झाडफूंक का काम करता है लेकिन गांव के कम लोग ही आरोपी के पास झाडफूंक के लिए जाते थे जबकि मृतक लुखुर यादव पर लोगों को ज्यादा विश्वास था। जमीन विवाद का फैसला देवशरण यादव उर्फ लुखुर के पक्ष में होने व झाडफूंक कम होने के कारण गांव में उसकी पूछ परख कम होने से आरोपी खुद को अपमानित महसूस कर रहा था और इसी बात की रंजिश देवकुमार यादव ने मृतक से पाल रखी थी। झाड़फूंक, जमीन विवाद को लेकर आरोपी ने पूर्व में कई बार लुखुर यादव को जान से मारने की धमकी दी थी।

### इस तरह बनाई योजना

पुलिस ने अनुसार आरोपी देवकुमार की योजना थी कि यदि यदि देवशरण यादव मर जाता है तो उसके झाड़फूंक का काम अच्छे से चलने लगेगा इसके साथ ही जमीन के मामले में भी वह अपने तरीके से सुलह कराकर जमीन कब्जा कर लेगा। इसी मंशा से आरोपी ने 15 जनवरी को उसके हत्या की योजना बनाई। आरोपी ने पुलिस को बताया कि 15 जनवरी को गांव में मानदेव के छोटे बच्चे का दाह संस्कार था। आरोपी को पता था कि मानदेव बाहर काम कर रहा है वह गांव आने वाला है। मानदेव और लुखुर का भी झाड़ फूंक को लेकर विवाद चल रहा है। मानदेव की पत्नी एवं दो बच्चों की मौत पहले हो चुकी है जिसे लेकर मानदेव और लुखुर के बीच भी विवाद था। आरोपी सोचा कि यह हत्या करने का सही मौका है। योजना के तहत आरोपी प्लास्टिक झोले में चावल लेकर जैकेट में छिपा लिया और ग्राम सिलाजू में रिश्तेदार का दशकर्म कार्यक्रम में मृतक देवशरण यादव के बेटे गणेश के साथ गया। शाम को 4 बजे वापसी में वह मृतक के बेटे के साथ वापस आया और गणेश को कालिकापुर चौक पर छोड़ने के बाद कुरसानाला की ओर चला गया। इस दौरान जंगल में आरोपी ने मृतक को अपना मोबाइल फोन गुम होने की बात कहकर ध्यान लगाने के लिए बोला। झांसे में आकर मृतक ने बैठकर विचार करना शुरू किया आरोपी ने पीछे से सिर पर वार कर दिया और बुजुर्ग के जमीन पर गिरते ही गर्दन पर टांगी से लगातार वार कर उसकी हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी कालिकापुर निवासी 38 वर्षीय देवकुमार यादव आ. स्व. परसन यादव को बीएनएस की धारा 103 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# काम दिलाने के नाम पर बुलाकर युवती से सामूहिक दुष्कर्म, तीन गिरफ्तार

- कमरे में शराब पिलाने के बाद दिया वारदात को अंजाम

**अंबिकापुर।** काम दिलाने के बहाने बुलाकर युवती को कमरे में शराब पिलाने और सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। वाड्रफनगर पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मैनपाट क्षेत्र में रहने वाली युवती को उसके दूर के रिश्तेदार रविचन्द उर्फ गुड्डू ने फोन कर काम दिलाने की बात कही। रविचन्द के कहने पर युवती मैनपाट से बस में बैठकर अंबिकापुर आई और फिर अंबिकापुर से बस से वाड्रफनगर बस स्टैंड पहुंची जहां से रविचंद उसे बाइक पर बैठाकर एक कमरे में ले गया। इस दौरान कमरे में रविचंद ने शराब मंगवाया जिसके बाद रविचन्द के रिश्तेदार तेजमणी और दीपक शराब लेकर आए और सभी ने बैठकर शराब पीया।



आरोपियों ने युवती को भी शराब पिलाई और फिर बारी बारी से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। सामूहिक दुष्कर्म की शिकायत युवती ने वापस आकर कोतवाली थाना अंबिकापुर में दर्ज कराई। मामले में कोतवाली पुलिस ने शून्य पर अपराध दर्ज बसंतपुर थाना के वाड्रफनगर चौकी में भेज दिया था। इस मामले में वाड्रफनगर चौकी पुलिस ने जांच उपरान्त बलंगी के भरुहीबॉस निवासी 38 वर्षीय रविचंद उर्फ गुड्डू आ. राम चरित्र पारसिया, रघुनाथनगर अंतर्गत रमेशपुर निवासी 18 वर्षीय तेजमणी गौतम आ. मदनलाल गौतम व जौराही निवासी 20 वर्षीय दीपक आ. विश्वनाथ को बीएनएस की धारा 70(1), 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में वाड्रफनगर चौकी प्रभारी डाकेश्वर सिंह,, प्रधान आरक्षक उमेश यादव, आरक्षक अंकित जायसवाल, संतोष गुप्ता, विनोद कुमार माझी सक्रिय रहे।

# किराए का भुगतान नहीं करने पर 8 दुकानें सील

**अम्बिकापुर।** दुकानों का लम्बे समय से मासिक किराए का भुगतान नहीं करने वाले व्यवसाइयों के विरुद्ध ननि प्रबंधन सख्त कार्रवाई कर रहा है। मंगलवार को ननि कर्मियों ने शहर के बाबूपारा स्थित अटल आवास के पास दुकान नंबर 6,9 बिलासपुर चौक स्थित दुकान क्रमांक 7,8 एवं मठपारा स्थित दुकान क्रमांक 2, 2, 5 एवं 6 को सील कर दिया। कार्रवाई में राजस्व अधिकारी निलेश केरकेट्टा, सहायक राजस्व अधिकारी विजय कुजूर, शशांक दुबे एवं शिवेन्द्र बहादुर शामिल थे।

## इसके पूर्व कभी नही बनी ऐसी स्थिति, मंगलवार को पारा 11.1 डिग्री रिकॉर्ड

# इस बार 49 दिनों तक पारा रहा 10 डिग्री के नीचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

इस साल 49 दिनों बाद पहली बार मंगलवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री की सीमा को पार कर 11.1 डिग्री पर पहुंचा है। उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से आए इस बदलाव ने सरगुजा के मौसम को ही बदल दिया है। विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के कारण पारा में और अधिक वृद्धि होने की संभावना जताई जा रही है।

सरगुजा में दिसम्बर एवं जनवरी के महीने में कड़ाके की ठंड पड़ती है साथ ही तापमान में तेज गिरावट भी होती है। इस दौरान कई दिनों तक न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के नीचे पहुंच जाता है तथा एक-दो दिनों तक पारा 5 डिग्री के नीचे पहुंच जाता है। तथा पठारी एवं मैदानी इलाकों में पाला की मोटी परत जम जाती है। संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर की तुलना में पठारी इलाकों के पारा में 2 से 3 डिग्री तक गिरावट होती है। इस बार 1 दिसंबर 2025 को न्यूनतम पारा 10.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। इसके बाद पारा में हुई गिरावट का क्रम मध्य जनवरी तक चलता रहा तथा पारा लगातार 10 डिग्री के नीचे बना रहा। इस दौरान पश्चिमोत्तर की बर्फीली हवाओं के प्रभाव से पारा में गिरावट भी दर्ज की गई 49 दिनों में आधे से अधिक दिनों तक पारा 5 डिग्री के नीचे रहा। पारा में आई गिरावट के कारण जनजीवन प्रभावित रहा साथ ही लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा। इस साल 7 जनवरी को पारा 3.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था वहीं पठारी क्षेत्र मैनपाट व सामरी पाट का पारा शून्य के निकट पहुंच गया था। मौसम की दृष्टि से लम्बे समय तक पारा का 10 डिग्री के नीचे बना रहना कड़ाके की ठंड को दर्शाता है तथा स्वास्थ्य पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। लगातार 49 दिनों तक पारा 10 डिग्री के नीचे रहने के कारण सरगुजा वासियों की स्थिति भी ऐसी ही रही। लगातार 49 दिनों तक पारा 10 डिग्री नीचे रहने के कारण ठंड ने एक नया रिकॉर्ड बनाया है। इसके पूर्व वर्ष 1975-76 में 1 दिसंबर से 16 जनवरी तक 47 दिनों तक एवं 1970-71 में 1 जनवरी से 16 जनवरी तक तापमान 10 डिग्री के नीचे रिकार्ड किया गया था। इस बार 2 दिसंबर से 19 जनवरी तक 49 दिनों तक पारा 10 डिग्री से नीचे रहने का नया रिकॉर्ड बना है। इसके पूर्व वर्ष 1989 में 13 जनवरी को न्यूनतम पारा में रिकॉर्ड गिरावट दर्ज की गई थी तथा न्यूनतम पारा 0.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। जाहिर है कि इस दौरान पठारी क्षेत्रों का न्यूनतम पारा शून्य डिग्री के नीचे पहुंच गया होगा।

इस संबंध में मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि इस बार की ठंड ने लगातार 49 दिनों तक तापमान 10 डिग्री के नीचे रहने का नया रिकार्ड बनाया है। इसके पूर्व कभी इतने लम्बे समय तक न्यूनतम तापमान के 10 डिग्री के नीचे रहने का रिकॉर्ड नहीं है।

# डंडे से पिटाई कर पत्नी को उतारा मौत के घाट, आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** पत्नी की डंडे से पिटाई कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने ग्रामीण को गिरफ्तार किया है। बार बार जमीन पर लेट जाने और घर नहीं जाने से आक्रोशित ग्रामीण ने पत्नी की बेदम पिटाई कर दी। महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मैनपाट के कमलेश्वरपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार



बिसरपानी निवासी 50 वर्षीया कुंती सेनार पति रामेश्वर सेनार की मौत के मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही थी। जांच के दौरान मारपीट से महिला की मौत की पुष्टि होने पर पुलिस ने संदेह के आधार पर आरोपी 55 वर्षीय रामेश्वर सेनार आ. स्व. फगुओ सेनार को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि 17 जनवरी को उसके भतीजे की मौत ओ गई थी और उसके अंतिम मट्टी काठी में ग्राम सुपलगा से मेहमान आए हुए थे। मेहमानों को खाना खिलाने के बाद छोड़ने के लिए गए थे। वापस घर लौटे समय मृतक की पत्नी कुंती सेनार बार पर जमीन पर लेट जा रही थी और घर नहीं जा रही थी। ऐसे में आक्रोशित होकर रामेश्वर सेनार ने डंडे से पत्नी कुंती की बेदम पिटाई कर दी जिससे महिला बेहोश हो गई। मारपीट के बाद आरोपी घर आया और घटना की सूचना अपने परिवार के लोगों को दी जिसके बाद महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी रामेश्वर सेनार को बीएनएस की धारा 103 (1) के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त डंडा जब्त किया है।

## खबर संक्षेप

### बसंत पंचमी पर होगा अनुपम संगम

**मनेन्द्रगढ़।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर मनेन्द्रगढ़ के नेत्रहीन विद्यालय आमाखेरवा में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार के संयुक्त तत्वावधान में धार्मिक-सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करने वाला भव्य आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय के छात्रों द्वारा ऊँ श्रीराम जय राम जय जय राम महा-मंत्र के अखंड जाप का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार अखंड जाप कार्यक्रम का शुभारंभ 22 जनवरी को प्रातः 10 बजे से होगा। कार्यक्रम का समापन 23 जनवरी को प्रातः 10 बजे विधिवत हवन-पूजन के साथ किया जाएगा।

### उल्लास साक्षरता कार्यक्रम सोनहत में



**बैकुण्ठपुर।** नवभारत उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के क्रियान्वयन को लेकर 20 जनवरी को बैकुंठपुर व सोनहत के कई संकुलों में ग्राम प्रभारियों एवं प्रधान पाठकों की बैठक आयोजित की गई। इसमें उन्हें नवभारत उल्लास साक्षरता कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बातों से अवगत कराया गया। जानकारी के अनुसार 20 जनवरी को बैकुंठपुर जनपद के संकुल केन्द्र मनसुख में संकुल प्रभारी द्वारा प्रधान पाठकों एवं ग्राम प्रभारियों को आवश्यक जानकारियों से अवगत कराया।

### जेएमएस कंपनी ने मनाया स्थापना दिवस



**चरचा कॉलरी।** जेएमएस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का स्थापना दिवस प्रतिवर्ष की भॉंति इस वर्ष भी 20 जनवरी को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी एवं अतिथि काफी संख्या में उपस्थित रहे। स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोजेक्ट मैनेजर सुरेन्द्र नाथ मिश्रा उपस्थित रहे। उनके साथ विशेष रूप से पंकज सरकार, अमित कुमार केवट, मनीष रंजन, चंद्रभूषण, अर्पण कुमार सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### महीनों से मनरेगा में भुगतान लंबितः पूनम

**मनेन्द्रगढ़।** युवा कांग्रेस नेत्री पूनम सिंह ने मनरेगा योजना को लेकर केन्द्र और राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मनरेगा केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ और गरीब मजदूरों की आजीविका का सबसे बड़ा सहारा है। इस योजना को कमजोर करने का अर्थ है गांव, गरीब और मजदूर के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना। पूनम ने कहा कि मनेन्द्रगढ़ सहित पूरे एमसीबी जिले में मनरेगा मजदूरों को समय पर काम और मजदूरी नहीं मिल पा रही है। कई ग्राम पंचायतों में महीनों से भुगतान लंबित है, जिससे मजदूर परिवारों के सामने भुखमरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है।



### सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत रक्तदान शिविर आज

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एवं जिला पुलिस एमसीबी के संयुक्त तत्वावधान में एक वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 21 जनवरी को जिला चिकित्सालय, चिरमिरी एमसीबी में आयोजित होगा। इस रक्तदान शिविर का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं सहित अन्य आपात स्थितियों में जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना तथा आम नागरिकों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आयोजकों ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान इस तरह के सेवा कार्यों के माध्यम से समाज में मानवीय संवेदनाओं को मजबूत किया जा रहा है।

---

### पुलिस बल की है कमी, बेलगाम यातायात ने बढ़ाई आमजन की परेशानी

# एमसीबी जिला बना लेकिन अब तक कार्यालय अधूरे



सड़कों पर नियमों की उड़ाई जा रही खुलेआम धज्जी, नतीजा यातायात जाम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिला गठन को कई वर्ष बीत जाने के बाद भी एमसीबी जिला आज तक बुनियादी प्रशासनिक सुविधाओं के लिए तरस रहा है। जिस उद्देश्य से जिले का गठन किया गया था तेज प्रशासन, बेहतर कानून-व्यवस्था और आम जनता को राहत वह आज भी अधूरा नजर आ रहा है। जमीनी हकीकत यह है कि कई आवश्यक कार्यालय अब तक नहीं खुले हैं और जो व्यवस्थाएं मौजूद हैं, वे संसाधनों की भारी कमी से जूझ रही हैं।

जिला बनने के बाद जनता को उम्मीद थी कि उन्हें हर जरूरी सेवा अपने ही जिले में मिलेगी, लेकिन आज भी कई काम फाइलों और घोषणाओं में उलझे हुए हैं। अनेक जिला स्तरीय कार्यालयों का संचालन अब तक शुरू नहीं हो सका है, जिससे आम नागरिकों को बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। जिले में कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाला पुलिस महकमा खुद बदहाल स्थिति में है। पुलिस बल की भारी कमी के कारण थानों और चौकियों पर तैनात कर्मियों पर अत्यधिक दबाव है। सीमित स्टाफ के भरोसे पूरे जिले की सुरक्षा व्यवस्था चलाना किसी चुनौती से कम नहीं।

#### बैंकों ने बिगाड़ी शहर की रफ्तार

शहर के भीतर संचालित बैंक भी यातायात अव्यवस्था का बड़ा कारण बन रहे हैं। बैंकों के बाहर सड़क पर खड़े वाहन, एटीएम के सामने लगी भीड़ और अव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था ने शहर की रफ्तार थाम दी है। सड़कें अब चलने के लिए नहीं, बल्कि पार्किंग के लिए इस्तेमाल हो रही हैं।

#### महिला थाना आज भी नहीं

महिला सुरक्षा को लेकर किए जा रहे दावों की पोल तब खुलती है, जब पता चलता है कि जिले में आज तक महिला थाना स्थापित नहीं किया गया है। महिलाओं से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई की जो जरूरत है, वह मौजूदा व्यवस्था में संभव नहीं दिखती।

#### जाम में फंसी आपात सेवाएं

स्कूल, बाजार और कार्यालय समय में जाम की स्थिति और भी भयावह हो जाती है। कई बार एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों को निकलने में भारी परेशानी होती है, जो सीधे तौर पर जान जोखिम में डालने जैसा है। अब सवाल साफ है आखिर कब मनेन्द्रगढ़ की व्यवस्था पटरी पर आएगी, क्या जिला गठन सिर्फ नाम तक सीमित रह गया है, जनता अब आश्वासन नहीं, ठोस कार्रवाई चाहती है। यदि जल्द ही पुलिस बल की भरती, यातायात पुलिस की तैनाती, महिला थाना की स्थापना और बैंकों की पार्किंग व्यवस्था को लेकर सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो जनता का भरोसा पूरी तरह टूटना तय है।

#### एक भी यातायात पुलिस नहीं

हालात की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पूरे जिले में एक भी यातायात पुलिसकर्मी तैनात नहीं है। नतीजा यह है कि शहर की सड़कों पर नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। चौराहों पर जाम, गलत पार्किंग और तेज रफ्तार वाहन आम दृश्य बन चुके हैं।

## जिला मुख्यालय में रेल सुविधा बढ़ाने की मांग

■ सांसद को सौंपा गया ज्ञापन

**मनेन्द्रगढ़।** जिला मुख्यालय में रेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग एक बार फिर मुखर हुई है। इसी कड़ी में पूर्व जिला पंचायत सदस्य शरण सिंह ने लोकसभा क्षेत्र कोरबा की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत को ज्ञापन सौंपकर मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी क्षेत्र से राजधानी की ओर सीधी रेल सेवा उपलब्ध कराने की मांग की है। ज्ञापन में विशेष रूप से चिरमिरी-बिलासपुर ट्रेन क्रमांक 18258 के संचालन को राजधानी रायपुर अथवा दुर्ग तक विस्तारित करने का आग्रह किया गया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी क्षेत्र एक महत्वपूर्ण औद्योगिक, शैक्षणिक और व्यावसायिक क्षेत्र है। यहां से प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य उपचार और व्यापारिक कार्यों के लिए बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, भिलाई जैसे बड़े शहरों की ओर आवागमन करते हैं। इसके बावजूद वर्तमान में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी से राजधानी क्षेत्र की ओर कोई भी सीधी रेल सेवा उपलब्ध नहीं है, जिससे यात्रियों को अनावश्यक परेशानी, समय की बबार्दी और अतिरिक्त खर्च का सामना करना पड़ता है। शरण सिंह ने ज्ञापन में रेखांकित किया कि चिरमिरी-मनेन्द्रगढ़ रेलवे स्टेशन से रेलवे विभाग को प्रतिदिन लाखों रूपए का राजस्व प्राप्त होता है। बावजूद इसके इस क्षेत्र की अनदेखी की जा रही है। राजधानी से सीधी ट्रेन नहीं होने के कारण यात्रियों को बिलासपुर या अन्य स्टेशनों पर ट्रेन बदलनी पड़ती है, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं, विद्यार्थियों और मरीजों को विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में यह तर्क भी दिया गया कि यदि ट्रेन क्रमांक 18258 को दुर्ग या रायपुर तक विस्तारित किया जाता है, तो न केवल मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी बल्कि पूरे एमसीबी जिले के लाखों नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे क्षेत्र का सामाजिक-आर्थिक विकास तेज होगा, व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और लोगों की राजधानी तक पहुंच सुगम होगी। अंत में सांसद से आग्रह किया गया है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए रेलवे मंत्रालय से आवश्यक समन्वय कर उक्त ट्रेन के विस्तार की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ कराई जाए। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या पर सकारात्मक पहल करेंगी और मनेन्द्रगढ़ जिला मुख्यालय को बेहतर रेल सुविधा का लाभ दिलाने कोई ठोस कदम उठाएगी।



# अस्पताल के सर्वर रूम में बैटरी विस्फोट



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

■ एच आई एम एस सिस्टम ठप, अफरा-तफरी का माहौल

एसईसीएल से संबद्ध अस्पताल में उस समय हड़कंप मच गया, जब सर्वर रूम में लगी बैटरी में जोरदार विस्फोट हो गया। यह धमाका डॉ. पीके सिंह के केबिन के समीप स्थित सर्वर रूम में हुआ, जिससे बैटरी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। विस्फोट के बाद कुछ देर तक आग की लपटें भी दिखाई दीं, जिससे अस्पताल परिसर में दहशत फैल गई।

घटना के बाद अस्पताल में मौजूद कर्मचारी और मरीज भयभीत हो गए। एहतियातन आसपास के क्षेत्र को खाली कराया गया और तत्काल प्रशासन को सूचना दी गई। विस्फोट का सीधा असर अस्पताल की कार्यप्रणाली पर पड़ा। अस्पताल का मुख्य स्वास्थ्य प्रबंधन सिस्टम पूरी तरह बंद हो गया, जिसके चलते मरीजों के डिजिटल रिकॉर्ड, दवाइयों की जानकारी, पंजीयन और ओपीडी सेवाएं प्रभावित रहीं। इसके अलावा इंटरनेट कनेक्टिविटी भी बाधित हो गई, जिससे डॉक्टरों और स्टाफ को मजबूरी में मैनुअल व्यवस्था से काम करना पड़ा। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जो सबसे बड़ी राहत रही। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि पुरानी अथवा





खराब बैटरी के ओवरहीट होने से शॉर्ट सर्किट हुआ, जिसके कारण यह विस्फोट हुआ।

#### फायर ब्रिगेड ने संभाला मोर्चा

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर समय रहते काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। अस्पताल प्रशासन ने तत्काल वैकल्पिक पावर सिस्टम की व्यवस्था शुरू करने की बात कही है ताकि सेवाएं जल्द सामान्य हो सकें।

#### उच्च स्तरीय जांच के आदेश

एसईसीएल प्रबंधन ने घटना को गंभीरता से लेते हुए उच्च स्तरीय जांच के आदेश जारी किए हैं। जांच का उद्देश्य यह पता लगाना है कि बैटरी रख-रखाव में कहीं लापरवाही तो नहीं बरती गई और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को कैसे रोका जाए। इस घटना ने अस्पतालों में तकनीकी संसाधनों की नियमित जांच और सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## अखिल भारतीय वॉलीबाल प्रतियोगिता होगी महिला टीमों की सहभागिता

**चरचा कॉलरी।** कोल इंडिया के तत्वावधान में वर्ष 2025-26 के अंतर्गत आयोजित 13 वीं स्व. अमर साय स्मृति अखिल भारतीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन 23 से 25 जनवरी तक श्रमवीर स्टेडियम चरचा कॉलरी बैकुंठपुर क्षेत्र में किया जाएगा।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की खास बात यह है कि इस वर्ष पहली बार महिला वर्ग की टीमों को शामिल किया गया है, जिससे आयोजन को नया आयाम और ऐतिहासिक पहचान मिली है। अब तक पुरूष वर्ग तक सीमित रही यह प्रतियोगिता महिला खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का सशक्त मंच प्रदान करेगी। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आमंत्रित शीर्ष पुरूष एवं महिला वॉलीबाल टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजन सुपर लीग एवं मैच फिक्स्चर प्रणाली के आधार पर खेला जाएगा। पुरस्कार राशि पुरूष वर्ग विजेता टीम 31,000 रूपए, उपविजेता टीम 21,000 रूपए साथ ही महिला वर्ग विजेता टीम 21,000 रूपए, उपविजेता टीम 15,000 रूपए आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि महिला वर्ग को शामिल करने का उद्देश्य खेलों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना तथा क्षेत्र की युवा बालिकाओं को प्रेरित करना है। प्रतियोगिता को लेकर खेलप्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय खेल प्रेमियों, खिलाड़ियों एवं दर्शकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे चरचा कॉलरी खेल इतिहास का महत्वपूर्ण कदम बताया है। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता के दौरान स्टेडियम में रोमांचक मुकाबलों के साथ खेल उत्सव का माहौल रहेगा। प्रतियोगिता आयोजन समिति के अनुसार इस अखिल भारतीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों की प्रतिष्ठित टीमें भाग लेंगी। पहली बार महिला वर्ग के जुड़ने से दर्शकों को पुरूषों के साथ-साथ महिला खिलाड़ियों के रोमांचक मुकाबले देखने का अवसर मिलेगा। महिला वर्ग में यूवीए वॉलीबाल एकेडमी दिल्ली, देहरादून हॉस्टल उत्तराखंड, रविन्द्र भारती विश्वविद्यालय कोलकाता, सांई रायपुर, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा तथा नरसिंहपुर हॉस्टल मध्यप्रदेश जैसी मजबूत टीमें मैदान में उतरेंगी। वहीं पुरूष वर्ग में एसईसी रेलवे बिलासपुर, देहरादून हॉस्टल, सागर आर्मी, एसईसीएल बिलासपुर, बजरंग क्लब मेरठ एवं मध्यप्रदेश पुलिस जैसी नामचीन टीमें अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

### सशिमं में बसंत पंचमी पर विद्यारंभ संस्कार

**मनेन्द्रगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में प्रतिवर्ष की भॉंति इस वर्ष भी बसंत पंचमी के पावन अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 जनवरी शुक्रवार को प्रातः 9:30 बजे विद्यालय परिसर में सरस्वती पूजन, विद्यारंभ संस्कार एवं समर्पण दिवस कार्यक्रम संपन्न होगा। इस अवसर पर नन्हें विद्यार्थियों का विद्यारंभ संस्कार वैदिक परंपराओं के अनुरूप संपन्न कराया जाएगा, वहीं मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर शिक्षा, संस्कार और संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में ज्ञानार्जन के साथ-साथ संस्कारों का विकास करना है। विद्यालय प्रबंधन ने क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों एवं शिक्षा प्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाने की अपील की है।

## शिक्षिका मल्लिका ने लिखी एनसीईआरटी आधारित हिंदी व्याकरण पुस्तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

■ वर्ल्ड बुक फेयर 2026 में हुई प्रदर्शित

शिक्षा नीति निर्धारण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में चिरमिरी ने भी अपनी सशक्त पहचान बना ली है। शहर की युवा कवि, लेखिका एवं साहित्यकार तथा डीएवी पब्लिक स्कूल चिरमिरी की हिंदी शिक्षिका श्रीमती मल्लिका रूद्रा ने कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों के लिए एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पर आधारित हिंदी व्याकरण की अभ्यास पुस्तक गोल्डन का लेखन किया है।

यह पुस्तक न्यू एज इंटरनेशनल पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित की गई है। पुस्तक को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के उद्देश्यों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसमें बच्चों के लिए व्याकरण को सरल, रोचक और व्यावहारिक बनाने के लिए विविध क्रियाकलाप, चित्र एवं उदाहरण शामिल किए गए हैं। लेखिका ने अपने शिक्षण अनुभव के आधार पर इसे इस तरह प्रस्तुत किया है कि विद्यार्थी भाषा के साथ-साथ जीवनोपयोगी कौशल भी सीख सकें। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित वर्ल्ड बुक फेयर 2026 में इस पुस्तक का प्रदर्शन किया गया, जहां



यह हॉल नंबर 10 के स्टॉल नंबर ई-6 पर उपलब्ध रही। शिक्षा प्रेमियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पुस्तक को नई शिक्षा नीति के अनुरूप उपयोगी सामग्री बताते हुए सराहना की। श्रीमती मल्लिका रूद्रा ने बताया कि इस अभ्यास पुस्तक का उद्देश्य बच्चों को भाषा ज्ञान के साथ जीवन जीने की कला से भी परिचित कराना है। उनका विश्वास है कि यह पुस्तक देशभर में लगभग 75 लाख विद्यार्थियों तक पहुंचेगी और विदेशों में हिंदी शिक्षण को भी नया आयाम देगी। इस उपलब्धि से चिरमिरी सहित पूरे कोयलांचल क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। शिक्षा जगत, साहित्यकारों एवं समाज के जागरूक लोगों ने मल्लिका रूद्रा को बधाई दी हैं।

## दिव्यांगजन को जिले में ही मिलेगा मेडिकल बोर्ड का लाभ

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के नागरिकों खासतौर पर दिव्यांगजन और जरूरतमंद परिवारों के लिए एक बेहद राहत भरी और उपयोगी पहल सामने आई है। शासन के निर्देशानुसार अब एमसीबी जिले में जिला मेडिकल बोर्ड का नियमित संचालन शुरू होने जा रहा है, इससे लोगों को मेडिकल प्रमाण-पत्र, दिव्यांगता आकलन और संबंधित प्रक्रियाओं के लिए अब दूर-दराज के जिलों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। मेडिकल बोर्ड का संचालन तय कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। यह बोर्ड हर माह चार दिन कार्य करेगा। प्रथम एवं तृतीय गुरुवार को जिला चिकित्सालय चिरमिरी में, द्वितीय एवं चतुर्थ गुरूवार को 220 बिस्तरीय सिविल अस्पताल मनेन्द्रगढ़ में होगा। मेडिकल बोर्ड का समय प्रातः 9 से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित किया गया है। यदि किसी कारणवश निर्धारित तिथि पर शासकीय अवकाश रहता है, तो बोर्ड की बैठक अगले कार्य दिवस में आयोजित की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि यह निर्णय समय, धन और परेशानियों की बचत करने वाला है।

## 36 मोड़ के पास मिली अज्ञात महिला की लाश

■ सोनावनी नाका इलाके में सनसनी

**डोमनहिल।** जिले के नगर पालिक निगम चिरमिरी क्षेत्र अंतर्गत सोनावनी नाका के आगे 36 मोड़ के पास मंगलवार सुबह 20 जनवरी को एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। राहगीरों ने सड़क किनारे झाड़ियों के बीच शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही कोरिया चौकी प्रभारी व चिरमिरी थाना प्रभारी विजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की। घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कर आवश्यक फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाए गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार महिला की उम्र लगभग 25-30 वर्ष के बीच आंकी जा रही है। शव की स्थिति को देखते हुए उसके कुछ समय से वहां पड़े होने की आशंका है। शरीर पर कपड़े अस्त-व्यस्त अवस्था में पाए गए हैं, जिससे मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि मृत महिला की शिनाख्त अब तक नहीं हो सकी है। आसपास के थानों व जिलों में दर्ज गुमशुदगी मामलों से मिलान किया जा रहा है। साथ ही घटनास्थल के आसपास लगे संभावित सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को महिला के संबंध में कोई जानकारी हो, तो तुरंत नजदीकी थाना या पुलिस चौकी में सूचना दें। फिलहाल अज्ञात शव का मामला दर्ज कर हर पहलू से जांच की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई श्रीकृष्ण श्रीमद्भागवत कथा

# भक्ति और आस्था की मिसाल बना सुभाष नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

नगर पालिका शिवपुर चरचा के सुभाष नगर स्थित दुर्गा पूजा पंडाल एक बार फिर धार्मिक चेतना, आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति भाव का प्रमुख केन्द्र बन गया है। यहां कलश यात्रा के साथ भव्य श्रीकृष्ण श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया, जो 20 से 26 जनवरी तक निरंतर आयोजित किया जाएगा।

कथा के प्रथम दिवस आयोजित भव्य कलश यात्रा में चरचा क्षेत्र के काफी संख्या में श्रद्धालु श्रद्धा और उत्साह के साथ शामिल हुए। महिलाएं पारंपरिक परिधान में सिर पर कलश धारण कर जय श्रीकृष्ण और हरि नाम के उद्घोष के साथ यात्रा में आगे बढ़ीं। कलश यात्रा



सुभाष नगर दुर्गा पूजा पंडाल से डीजे व भजन-कीर्तन के साथ प्रारंभ होकर छठ घाट पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर पवित्र जल भरा गया। इसके पश्चात यात्रा बर्दी मंदिर होते हुए जगन्नाथ मंदिर पहुंची, जहां प्रभात फेरी निकालकर क्षेत्रवासियों से धर्म लाभ लेने का आह्वान किया गया। प्रभात फेरी के बाद कलश यात्रा पुनः सुभाष नगर दुर्गा पूजा पंडाल पहुंची। यहां शाम 4 बजे से श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत आरंभ हुआ। कथा वाचक द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के अवतार, बाल लीलाओं, गोवर्धन पूजा, रासलीला एवं गीता उपदेशों का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं को बताया गया कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्ग है, जिससे मनुष्य के भीतर सद्भाव, करूणा और सेवा भाव का विकास होता है। आयोजन स्थल पर भक्ति संगीत, शंखनाद, घंटियों की ध्वनि और हरि नाम संकीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु कथा श्रवण कर भाव-विभोर होते नजर आए। श्रीकृष्ण श्रीमद्भागवत कथा का वाचन सुश्री साध्वी सरस्वती के द्वारा किया गया।

26 जनवरी को कथा पूणार्हुति-

आयोजन समिति ने जानकारी दी कि 26 जनवरी को श्रीमद्भागवत कथा का समापन होगा। 27 जनवरी को विशाल भंडारे का आयोजन कर हजारों श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### बैकुंठपुर में बदला मौसम का मिजाज

**बैकुण्ठपुर।** उत्तरी क्षेत्र में पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता बढ़ने से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। इसी के चलते सोमवार एवं मंगलवार को आसमान में हल्के बादल छाए रहे। मंगलवार को पूरे दिन आसमान बादलों से ढंका रहा। पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव के कारण ही दो दिनों तक बादलो भरा मौसम रहा। यदि इस दौरान बे मौसम बारिश होती है तो फिर हल्की ठण्ड बढ़ सकती है। जनवरी के पहले पखवाड़े में जमकर सर्दी का सितम रहा, लेकिन 14 जनवरी मकर सक्रांति से सूर्य की दिशा बदलने से ठंड में कमी आई है, इसके बाद से लगातार अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है, इसके चलते ठंड का प्रभाव कुछ कम हो गया है। अब केवल सुबह व शाम ढलने के बाद रात्रि में ही ठंड का ज्यादा असर है। मकर सक्रांति के बाद से सूर्य का प्रकाश दिन दोपहर में तीखा हो गया है, इसके चलते लोग दोपहर के समय अधिक देर तक धूप में खड़े नहीं हो सकते। सुबह के समय ही इस दौरान धूप सुहा रही है दोपहर में चुभने लगी है।



## काव्य संग्रह एक अरसे बाद का लोकार्पण

**मनेन्द्रगढ़।** प्रसिद्ध नाटककार कथाकार राजेश कुमार, मशहूर पत्रकार एवं लेखक प्रियदर्शन, चर्चित लेखक पत्रकार विमल कुमार, कथाकार और प्रखर आलोचक डॉ. सुनीता, कथाकार वंदना वाजपेई, जाने माने उपन्यासकार अजय शर्मा जालंधर से एवं अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज की।

वहीं कहानीकार वंदना गुप्ता, साहित्यकार विशाल अंधारे, हरगोविंद पुरी, भानु प्रकाश, चर्चित व्यंग्यकार अर्चना चतुर्वेदी रहे। लोकार्पण में वंदना वाजपेयी, डॉ.सुनीता प्रियदर्शन वं राजेश कुमार ने काव्य संग्रह एक अरसे बाद पर अपने महत्वपूर्ण वक्तव्य दिए। मनेन्द्रगढ़ छग की रहने वाली साहित्यकार कवयित्री अनामिका चक्रवर्ती को बधाई दी। साथ ही कई रचनाकारों ने काव्य संग्रह की सराहना की। पुस्तक मेले में काव्य संग्रह को इतना पसंद किया गया और लोगों द्वारा खरीदा गया कि काव्य संग्रह भावना प्रकाशन के स्टॉल पर आउट ऑफ स्टॉक हो गई। मित्रों, पाठकों और प्रशंसकों में काव्य एक अरसे बाद के लिए अनामिका चक्रवर्ती को बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### मानिक प्रकाशपुर में हुई आयुर्वेद संघ की जिला स्तरीय बैठक

**धौरपुर।** आयुर्वेद वैद्य संघ की जिला स्तरीय बैठक मानिक प्रकाशपुर में आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से करीब 200 से अधिक



आयुर्वेद वैद्यों ने सहभागिता की। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती के साथ आयुर्वेद वैद्यों को एकजुट कर लोगों को सुलभ और प्रभावी आयुर्वेदिक उपचार उपलब्ध कराना रहा। बैठक में सर्वसम्मति से लुंड्रा क्षेत्र के उमरडीह निवासी सुरेश कुमार सोनी को आयुर्वेद वैद्य संघ का जिला अध्यक्ष चुना गया। वहीं लखनपुर निवासी सागर दास को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सोनी पिछले 20 वर्षों से जड़ी-बूटियों के माध्यम से विभिन्न रोगों का सफल उपचार कर रहे हैं और क्षेत्र में उनकी एक अलग पहचान है। इस अवसर पर सुरेश कुमार सोनी ने कहा कि जिले के जंगलों में आयुर्वेदिक औषधियों का अपार भंडार मौजूद है, जिनके माध्यम से गंभीर से गंभीर बीमारियों का भी प्रभावी इलाज संभव है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक दवाओं का सही तरीके से उपयोग करने से शरीर पर किसी प्रकार का दुष्प्रभाव नहीं होता, जबकि कई बार एलोपैथिक दवाओं से अन्य समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। बैठक में वैद्यों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने और आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### हृदय रोग से पीड़ित बच्ची का हुआ सफल उपचार, बच्ची से मिलने पहुंचे सीएमएचओ

**सूरजपुर।** सीएमएचओ डॉ. कपिल देव पैकरा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा विकासखंड प्रेमनगर के ग्राम नवापारा कला में हृदय रोग से पीड़ित बच्ची



आल्या आ. धन साय के निवास पर गृह भ्रमण किया गया। उल्लेखनीय है कि बच्ची का सफल निःशुल्क ऑपरेशन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल रायपुर में कराया गया था। गृह भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा बच्ची का आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा परिजन से बच्ची के वर्तमान स्वास्थ्य की जानकारी ली गई। जांच में बच्ची पूर्णतः स्वस्थ पाई गई। उपचार से संतुष्ट परिजन संतुष्ट नजर आए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को सत्य साईं संजीवनी हॉस्पिटल रायपुर के सहयोग से निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस पहल से जिले के जरूरतमंद बच्चों को समय पर उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा मिल रही है, जिससे उनके जीवन को नई दिशा मिल रही है।

### ग्राम पंचायत नैनपुर से की गई मनरेगा बचाओ अभियान की शुरुआत



**सूरजपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में 'मनरेगा बचाओ' अभियान की शुरुआत ग्राम पंचायत नैनपुर से की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को मनरेगा के तहत उनके रोजगार के अधिकारों के प्रति जागरूक करना और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाना है। ब्लॉक अध्यक्ष जफर हैदर, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा, मुस्तफा खान और मंडल के सभी पदाधिकारी सक्रिय है।

### मंदिर के दान पेटी से पैसे चुराने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सूरजपुर।** मंदिर के दान पेटी का ताला तोड़ कर रुपए पार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया जहां से उसे



जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक केतका रोड़ निवासी अवधेश गोयल ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 21 दिसंबर की सुबह गायत्री मंदिर के पुजारी ने फोन कर कर बताया कि रात्रि में मंदिर के पीछे का दरवाजा एवं दान पेटी का ताला तोड़ कर करीब 5 हजार रूपये को चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संदेही जेल पारा निवासी रोहित अगरिया आ. राजू अगरिया को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने पैसे की जरूरत पर मंदिर व दान पेटी का ताला तोड़कर रकम चोरी करने की बात बताई। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर चोरी के 400 रुपये नगदी जब्त किया। शेष रकम खाने-पीने में खर्च कर दिया था।

### कीटनाशक पीने से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर थाना अंतर्गत गणेशपुर पुटसुरा निवासी सुतली देवी पति स्व. भूर बिगन (45 वर्ष) बेटा से अलग घर के पास ही दूसरे घर में रहती थी। 16 जनवरी की शाम पुत्र उमेश मक्का फसल में पानी पटाने के लिए पंप चालू कर घर आया और सो गया। देर रात मक्का फसल देने के जाने के दौरान ही मां के कमरे से पंखा चलने की आवाज सून किसी तरह दरवाजा खोल तो देखा कमरे में कीटनाशक की गंध आने तथा मां को तड़पते देख तत्काल बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान महिला महिला की मौत हो गई।

### एक घंटे तक प्रभावित रहा आवागमन, समझाइश के बाद शांत हुआ मामला

# टोकन नहीं कटने से फिर भड़का किसानों का आक्रोश, किया राष्ट्रीय राजमार्ग जाम



एनएच पर विरोध प्रदशन करते किसान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

धान खरीदी के अंतिम दौर में टोकन नहीं कटने से नाराज किसानों का आक्रोश भड़क उठा। लगातार आश्वासन मिलने के बाद भी वयवस्था में सुधार नहीं होने से नाराज किसानों ने मंगलवार को तीसरी बार आन्दोलन किया। इस दौरान किसानों ने सुबह 10.30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर स्थित धान खरीदी केंद्र के सामने चक्का जाम कर दिया। इस चक्का जाम और आन्दोलन से आवागमन ठप हो गया। आन्दोलन के कारण लगभग एक घटने एनएच पर यातायात प्रभावित रहा। धरना प्रदर्शन और चक्का जाम करने वाले किसानों का कहना है कि समितियों में लिमिट नहीं बढ़ने से किसानों टोकन नहीं कट पा रहे है। 12 जनवरी को तहसीलदार कावेरी मुखर्जी से हुई चर्चा में खरीदी की लिमिट बढ़ाने पर टोकन समस्या समाप्त होने का आश्वासन दिया गया था। इसके बाद किसानों ने खरीदी केंद्र के पंजी में अपने नाम दर्ज कराए लेकिन लिमिट बढ़ने के बावजूद पंजी में दर्ज किसानों के टोकन क्रमवार नहीं कट पाए, जिससे उनमें आक्रोश व्याप्त हो गया। मौके पर पहुंचीं तहसीलदार कावेरी मुखर्जी ने बताया कि राजपुर धान खरीदी केंद्र की लिमिट बढ़ाने के लिए शासन स्तर पर पुनः प्रस्ताव भेजा जा रहा है। वहीं, राजपुर थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने किसानों को आश्वस्त किया कि पंजी में दर्ज किसानों के टोकन क्रमवार काटे जाएंगे तथा धान खरीदी केंद्र में सहयोग के लिए पुलिस प्रतिनिधि की तैनाती की जाएगी। प्रशासनिक आश्वासन के बाद किसानों ने चक्का जाम समाप्त किया। किसानों ने स्पष्ट कहा कि यदि समय पर धान की खरीदी नहीं होती है तो उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि सरकार उनका धान खरीदे या फिर उनका कर्ज माफ किया जाए। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी 19 दिसंबर को चक्का जाम तथा 5 जनवरी को किसानों द्वारा एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जा चुका है। चक्का जाम की सूचना पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नीरज तिवारी भी मौके पर पहुंचे और किसानों के आंदोलन को समर्थन दिया।

**खास बात**

- धान नहीं बिकने पर तीसरी बार किया आंदोलन

#### किया जाएगा निराकरण

इस सप्ताह का टोकन कट चुका है, 27 और 28 जनवरी का टोकन नहीं कट पा रहा है इस कारण उन्हें समस्या हो रही है। उक्त संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है जिसका निराकरण एक-दो दिवस में कर लिया जाएगा। प्रयास कर रहे हैं बच्चे सभी किसानों का समस्या का समाधान हो जाएगा।

-**कावेरी मुखर्जी**, तहसीलदार राजपुर

## धान खरीदी बंद होने पर कांग्रेसियों ने कुंदीकला में मचाया हंगामा

**धौरपुर।** धान उपार्जन केंद्र कुंदीकला में संग्रहित धान के सत्यापन में मिली कमी के बाद प्रशासनिक टीम द्वारा उपार्जन केंद्र को सील करने के विरूद्ध कांग्रेसियों ने जमकर हंगामा मचाया। प्रदर्शनकारियों ने संग्रहण केंद्र को सील करने से धान खरीदी बंद होने एवं टोकन के लिए किसानों के लगातार भटकने के मुद्दे पर प्रशासन पर किसानों को परेशान करने का आरोप लगाया तथा तत्काल धान खरीदी प्रारम्भ कराने की मांग की।

चार दिन पूर्व जिला प्रशासन की प्रशासनिक टीम ने नायब तहसीलदार निखिल श्रीवास्तव के नेतृत्व में उपार्जन केन्द्र कुंदी कला में खरीदे गए धान का सत्यापन किया। सत्यापन में 8500 बोरी कम धान होने की बात कह उपार्जन केंद्र को सील कर दिया गया। टीम द्वारा उपार्जन केन्द्र को सील करने से धान खरीदी बंद हो गई है तथा किसान टोकन के लिए भटक रहे हैं। किसानों की समस्याओं के विरोध में युकां के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा मचाया तथा तत्काल धान खरीदी प्रारम्भ करने की मांग की। सूचना पर पहुंची तहसीलदार ने कार्यकर्ताओं को शांत कराया एवं धान खरीदी प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस दौरान युकाइयों ने प्रशासनिक टीम पर उपार्जित धान का सत्यापन किसी के दबाव में करने एवं सभी स्टेक की गिनती में कम धान मिलने का मनगढ़ंत आंकड़ा तैयार करने का आरोप लगाया तथा पुनः सभी स्टेक के बोरियों की गणना कराने की मांग की। पदाधिकारियों ने बताया नायब तहसीलदार द्वारा भौतिक सत्यापन में 8500 बोरी धान कम मिलने की बात कही थी जबकि जिला स्तरीय टीम ने धान बोरियों की गणना की तो 4101 बोरी कम होने की जानकारी दी। तीसरे स्टेक की बोरियों की गिनती में खाद्य निरीक्षक द्वारा गलती की गई है। प्रशासन द्वारा खरीदे गए संपूर्ण धान बोरियों की गणना पुनः ठीक तरीके से कराना चाहिए। धरना-प्रदर्शन उपरांत प्रशासनिक अमले ने तत्काल धान खरीदी प्रारम्भ कराई। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, विष्णु यादव, अभय तिवारी, बालिक राम, रामू साय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

- तहसीलदार ने शुरू कराई धान खरीदी



विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

## आधार कार्ड फुटबॉल प्रतियोगिता में शिवसागरपुर बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सोनगरा मिनी स्टेडियम में आधार कार्ड फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेल, संस्कृति और जनभागीदारी का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में शिवसागरपुर एवं सेंधोंपारा की मजबूत टीमों के बीच रोमांचक संघर्ष देखने को मिला।



दोनों ही टीमों ने शुरू से अंत तक आक्रामक एवं संतुलित खेल का प्रदर्शन किया। निर्धारित समय तक कोई भी टीम निर्णायक बढ़त नहीं बना सकी और मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। इसके पश्चात पेनाल्टी शूटआउट के माध्यम से विजेता का निर्णय किया गया। पेनल्टी शूटआउट में शिवसागरपुर की टीम ने अपने चारों अवसरों को गोल में तब्दील किया, जबकि सेंधोंपारा की टीम एक ही गोल कर सकी। इस प्रकार शिवसागरपुर ने 4–1 से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता अपने नाम की। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शिवसागरपुर टीम के गोलकीपर मधुसूदन को प्रदान किया गया। पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए सेंधोंपारा टीम के खिलाड़ी राजाराम को मैन ऑफ द सीरीज का खिताब दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार ग्राम पंचायत सोनगरा सरपंच कृष्णा सिंह ने प्रदान किया। विजेता टीम को 8 हजार रुपए एवं उपविजेता टीम को 4 हजार रुपए व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। मैच को निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने में रेफरी ललित, भागवत सिंह, रूपेश एवं बिट्टू की अहम भूमिका रही। इस दौरान जनपद पंचायत सदस्य राजेश पोर्ते, शिवनंदन पैकरा, सरपंच कृष्णा सिंह, मंडल उपाध्यक्ष शरद चंद्र द्विवेदी, बालेश्वर सिंह, विजय सोनी, राकेश राजवाड़े, सोमारसाय सिंह, गोवर्धन सिंह मरकाम, अनुराग द्विवेदी, पारस सिंह, पीतांबरी पैकरा, शिवशंकर सिंह, श्यामाचरण, राम सिंह, पवन बरगाह, सुखदेव, पवन राम, बईगा मुन्ना सिंह, विनोद सिंह, मूलधर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, मर्ग कायम

**बलरामपुर।** युवक ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में पुलिस मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम जमुआटांड निवासी 26 वर्षीय मंजय सिंह आ. अहिबरन सिंह ने 19 जनवरी की रात लगभग 9 बजे अपने घर में ही कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन ने युवक का शव फांसी पर लटके देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद मंगलवार को पुलिस ने पंचनामा व पीएम उपरान्त शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है और मर्ग कायम कर घटना की जांच चल रही है। फिलहाल युवक की आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। परिजन का कहना है कि युवक के शादी की चर्चा चल रही थी और शादी संबधित मामलों को लेकर ही युवक अवसाद में था।




### भाजपा को मिलेगा नया संगठनात्मक बल : अग्रवाल

**अम्बिकापुर।** वरिष्ठ नेता नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल के बंगले में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने मिठाई बांटी व आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस दौरान मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना केवल एक संगठनात्मक निर्णय नहीं, बल्कि राष्ट्रवादी विचारधारा, सुशासन एवं विकास के संकल्प को और अधिक मजबूती देने वाला कदम है। उनके नेतृत्व में भाजपा जन-जन की आकांक्षाओं को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाएगी तथा आगामी चुनावों में ऐतिहासिक सफलता अर्जित करेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नितिन का नेतृत्व कार्यकर्ताओं को बनाएगा ऊर्जावान : जायसवाल

**रामानुजगंज।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नितिन नवीन के सर्वसम्मति से निर्वाचित होने पर भाजपा



जिलाध्यक्ष ने यशस्वी कार्यकाल की कामना की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मजबूत संगठन, स्पष्ट नेतृत्व और राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष की निर्वाचन प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ की सहभागिता केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि संगठनात्मक एकता, अनुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति भारतीय जनता पार्टी की अटूट प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने कहा कि नवीन का नेतृत्व कार्यकर्ताओं को ऊर्जावान बनाएगा और पार्टी के आदर्शों को ऊंचाई प्रदान करेगा।

## नितिन नबीन के भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर सरगुजा में जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नितिन नबीन के निर्विरोध भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर सरगुजा के कार्यकर्ताओं में उल्लास का माहौल है। घड़ी चौक पर भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी एवं जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के साथ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। इस दौरान प्रदेश महामंत्री श्री सोनी ने कहा कि नितिन नबीन के निर्विरोध अध्यक्ष चयन कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का विषय है। भाजपा ही एकमात्र ऐसा दल है जहा एक सामान्य कार्यकर्ता संगठन के सर्वोच्च पद तक पहुंच सकता है।



हम सबके साथ कार्यकर्ता के रूप में कार्य करने वाले नितिन नबीन इसके उदाहरण है। जिलाध्यक्ष श्री सिसोदिया ने कहा कि नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना प्रत्येक कार्यकर्ता की जीत है। यह चयन संगठन की लोकतांत्रिक और कार्यकर्ता प्रधान परंपरा को सशक्त करता है। उनके नेतृत्व में भाजपा राष्ट्र निर्माण के अपने संकल्प को और मजबूती से आगे बढ़ाएगी। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने किया। इस दौरान हरपाल सिंह भामरा, महापौर मंजूषा भगत, पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह, प्रदेश महामंत्री फूलेश्वरी सिंह, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, अम्बिकेश केशरी, हरमिंदर सिंह टिन्नी, अभिमन्यु गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जनपद अध्यक्ष ने मितानिनों को शाल श्रीफल भेंट कर किया सम्मानित



**लखनपुर।** ग्राम अमदला में मितानिन दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष श्रीमती शशि कला विक्रम सिंह, मंडल महामंत्री विक्रम सिंह ,सरपंच ज्योति सिंह, तुरना सरपंच भावना सिंह सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। जनपद अध्यक्ष ने उपस्थित मितानिनों को संबोधित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की साथ ही क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक मितानिनों को शाल श्रीफल देकर उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान पंचायत सचिव सतनारायण सिंह, मितानिन अनीता, सुमित्रा सहित मितानिन उपस्थित रहे।

## ग्राम केशवनगर में फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का संचालन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ग्राम केशवनगर में निर्मित फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के समन्वय से सुचारू संचालन प्रारंभ कर दिया गया है,इस पहल के तहत नगर पंचायत बिश्रामपुर के डी-स्लज वाहन के माध्यम से ग्राम पंचायत क्षेत्र के सेप्टिक टैंकों की डी स्लजिंग की जा रही है,एकत्रित मलिय कीचड़ को केशवनगर स्थित एफएसटीपी प्लांट में वैज्ञानिक एवं सुरक्षित उपचार प्रक्रिया से गुजारकर उसका पर्यावरण अनुकूल निपटान किया जा रहा है,इस व्यवस्था से पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी,मिट्टी की गुणवत्ता बनी रहेगी,भू-जल प्रदूषण से बचाव होगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा,संयंत्र के क्रियाशील होने से जिले में मलिय कीचड़ प्रबंधन को एक नई दिशा मिली है,इस उद्देश्य से ग्राम पंचायत क्षेत्रों में नियमित रूप से जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं,साथ ही निकटवर्ती नगरीय निकायों के डी-स्लज वाहन चालकों के मोबाइल नंबर पंचायतों के सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित कराए जा रहे हैं,ताकि आवश्यकता पड़ने पर नागरिक आसानी से संपर्क कर सकें,इस कार्य में नगर पंचायत बिश्रामपुर के सीएमओ एवं नगर पालिका सूरजपुर का सहयोग प्राप्त हो रहा है। वर्तमान में जिले की सभी 6 नगरीय निकायों से उपलब्ध डी-स्लज वाहनों हेतु अनुबंध किया जा चुका है,जिससे जिले में फीकल स्लज प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा।

## अजजा आयोग के पूर्व और आदिवासी नेता डॉ. भूरिया को करना पड़ा विरोध का सामना

**अंबिकापुर।** हसदेव अरण्य को बचाने के लिए चलाए जा रहे संघर्ष के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। फर्जी ग्राम सभा और अवैध उत्खनन को लेकर प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीणों से मिलने जा रहे अजजा आयोग के पूर्व अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह व आदिवासी कांग्रेस ने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया को लोगों ने रोक दिया। इस दौरान खदान समर्थकों और भानु प्रताप सिंह के बीच जमकर बहस भी हुई और माहौल तनाव पूर्ण हो गया।

वरिष्ठ नेताओं का विरोध कर रहे खदान समर्थकों ने कहा कि जब खदान खुद रही थी तब आप कहां थे। जब हमने स्वेच्छा से अपनी जमीन खदान के लिए दे दी और नौकरी कर रहे हैं तो आप विरोध करने आए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि राजनीति के लिए ग्रामीणों का इस्तेमाल ना किया जाए और गांव में राजनैतिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लोगों ने भानु प्रताप सिंह पर गांव का माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाने के साथ ही जमकर नारेबाजी की। दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति बढने पर पुलिस ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया। बता दें कि हसदेव अरण्य क्षेत्र में कोल परियोजना के विस्तार और खदान खोले जाने को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ आदिवासी नेता डॉ. विक्रांत भूरिया प्रभावित ग्राम हरिहरपुर पहुंचे थे जहां उनके साथ अजजा आयोग के पूर्व अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, सूरजपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती शशि सिंह सहित अन्य नेता भी प्रभावित गांव गए थे। इस दौरान कांग्रेस नेताओं को कोयला खदान के समर्थकों के विरोध का सामना करना पड़ा। कोल परियोजना समर्थक और खदान मे काम करने वाले कर्मचारी महिला पुरुष लगभग 50 की संख्या में सुबह से ही सालही मोड़ पर एकत्रित हो गए और बाहर से आने जाने वाले लोगों को रोकना प्रारम्भ कर दिया। दोपहर 12 बजे करीब भानु प्रताप सिंह जब मौके पर पहुंचे तो ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों में तीखी बहस हो गई। खदान समर्थकों और जनप्रतिनिधियों के बीच विवाद और बहस का एक वीडियो भी जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें काफी तनाव नजर आ रहा है। हालांकि इस दौरान पुलिस की टीम भी मौजूद थी। पुलिस ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया जिसके बाद जिसके बाद सभी ग्राम हरिहरपुर पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने खदान प्रभावितों से मुलाकात करने के साथ ही विरोध प्रदर्शन भी किया। इस दौरान वरिष्ठ आदिवासी नेता डॉ. भूरिया ने कहा कि आदिवासियों पर अत्याचार बढ़ा है। हसदेव अरण्य क्षेत्र में खनन के नाम पर स्थानीय ग्राम सभाओं की सहमति को दरकिनार किया जा रहा है, जो संवैधानिक अधिकारों का सीधा उल्लंघन है। इस पूरे मामले को विधानसभा और संसद में प्रमुखता से उठाया जाएगा, ताकि पूरा देश हसदेव का सच जाने।



**हरिहरपुर में खदान समर्थकों ने गांव में घुसने से रोका, दोनों पक्षों के बीच जमकर हुई बहस**

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411